## खबर संक्षेप

### नगर की ब्राह्मण समाज की मात्र शक्तियों द्वारा माँ राजराजेश्वरी मंदिर की श्रृंगार दान के साथ महाआरती पूजा



**भुआबिछिया।** हमारे समाज में नारी को देवी का दर्जा प्राप्त है इसलिए उसे शक्ति स्वरूपा कहा जाता है, नारी जननी है, पालक है, ओर प्रथम गुरु भी वही है, नारी अपनी इसी शक्ति ओर क्षमता के बल पर ही समाज में बराबरी का दर्जा हासिल कर रही है। जहां एक तरफ नवरात्रि के पावन अवसर पर पूरे नगर सहित क्षेत्र में माता के दर्शन करने श्रद्धालु उमड़ रहे हैं माता के जय करे लग रहे हैं, तो इस अवसर पर अपने पारंपरिक परिधान में महिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज, की मातृ नारी शक्तियों द्वारा नगर के राजराजेश्वरी माता मंदिर, रेंज में सनातन हिन्दू नववर्ष एवं पावन नवरात्रि पर्व के अवसर पर भव्य महाआरती कार्यक्रम आयोजित कर। मंदिर प्रांगण को फूलों और रंगोली आदि से सजाकर नवरात्रि पर्व के पंचम दिवस पर महिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज, की मातृ शक्तियों द्वारा नगर की समस्त माताओं बहनों के साथ मां भवानी का विधिवत पूजन-अर्चन कर, फल-फूल, मीठे से भोग लगाया ओर। आदि शक्ति को साड़ी और श्रृंगार अर्पित कर, माता की भव्य महाआरती की गई, केले तथा पेड़े का प्रसाद बांटा गया और भक्तिगीत की धुनों पर सभी उपस्थित मातृ शक्तियों द्वारा भजन, नृत्य आदि किए गए। इस अवसर कार्यक्रम में महिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष संगीता गर्ग सहित ब्राह्मण समाज की वरिष्ठ शशि मिश्रा, मोहनी गर्ग, अरुणा दीक्षित, संध्या पांडे, सुषमा पांडे, आरती उपाध्याय, रतना गर्ग, निशा गर्ग, ममता पांडे, योगिता जोशी, लक्ष्मी भट्ट, रोशनी दुबे, नेहा मिश्रा, उमा मिश्रा, नीता उपाध्याय, नीलू तिवारी, अभिलाषा उपाध्याय, आयुषी मिश्रा, आरती शर्मा, राधिका दुबे, अर्चना पांडे, रानू पांडे, रिया पांडे, रानू मिश्रा, नीता दीक्षित, स्मृति जोशी, रजनी दुबे, अंशिका पांडे, संगीता जोशी, विधि दुबे तथा नगर की समस्त माताएं, नारी शक्ति, बच्चे एवं अन्य लोग भी शामिल रहे।

### उपसंचालक को सीएम हेल्पलाईन के निराकरण में 100% वेटेज स्कोर के लिए मिला प्रशस्ति पत्र

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने फरवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. उग्रसेन तिवारी को 100 प्रतिशत वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें।

## बैठेगी माता की चौकी और होगा 1100 कन्याओं का सामूहिक भोजन

# 1100 कन्याओं का आज होगा पूजन





*** कन्याओं को दिये जायेंगे विशेष उपहार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर शहर में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में एक साथ कन्याओं का पूजन एवं कन्या भोजन का आयोजन किया जा रहा है स्थानीय पीडब्ल्यूडी कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में आज दिनांक 25 मार्च दिन बुधवार को एक साथ 1100 कन्याओं के पूजन का एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कन्या पूजन एवं कन्या भोजन के साथ-साथ माता की चौकी भी बैठाई जा रही है जहां देवी माँ के सुंदर भजनों की भी प्रस्तुति होगी और इसके लिये प्रतिमा सोनारे एवं धीरंजना पंडित विशेष रूप से मण्डला आ रही हैं जिनके माध्यम से माता की सुंदर भेंटे प्रस्तुत की जायेंगी। एक ओर देवी गीत चल रहे होंगे और दूसरी ओर कन्याओं का पूजन भी जारी रहेगा।

### सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा आयोजन

कन्या पूजन एवं कन्या भोजन का यह आयोजन प्रातः 10 बजे प्रारंभ हो जायेगा इसके लिये पिछले काफी दिनों से लगातार समिति के सदस्य एवं मातृ शक्तियाँ पूरे शहर में भ्रमण कर कन्याओं को आयोजन में लाने की व्यवस्था में लगी रहीं हैं। बाकायदा सभी कन्याओं से एवं उनके परिजनों से मिलकर उनके नाम उनके नम्बर एवं पते सहित एक पंजीयन कार्ड उन्हें दिया गया और कन्याओं का कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षित आना एवं पूजन तथा भोजन के उपरांत सुरक्षित घर तक पहुंचने की जिम्मेदारी समिति सदस्यों के साथ-साथ परिजनों की भी हो इसकी पूरी व्यवस्था की गई है।

### ड्रा के माध्यम से मिलेगा विशेष उपहार

1100 कन्याओं का एक स्थान पर एकत्रीकरण एवं उनको लाने ले जाने की जिम्मेदारी एक बड़ी चुनौति थी जिसके लिये एक व्यवस्था यह की गई कि पंजीयन कार्ड के साथ एक उपहार ड्रा का भी आयोजन किया जा रहा है इसमें जो पंजीयन कार्ड की एक प्रति आयोजन समिति के पास है उससे ड्रा कार्यक्रम के दौरान निकाला जायेगा और विजेता कन्याओं को कन्या पूजन के उपहार के अलावा ये विशेष उपहार दिये जायेंगे।

इस पूरे कार्यक्रम के सूत्रधार सोनल बर्मन हैं जिनके सहयोगी के रूप में नरेश कछवाहा, किशोर रजक, अर्जुन कछवाहा, नीरज कोष्ठा, मनोज ताम्रकार, गणेश बरमैया, मुकेश चौरसिया, प्रदीप दुबे, रामभजन चौरसिया, रामप्रवेश बर्मन, अत्तू चौरसिया, रितिक नाविक, ललित नारायण मिश्रा सहित बहुत से समाजसेवी शामिल हैं विशेष रूप से पूरे आयोजन में जिन मातृ शक्तियों ने विशेष भूमिका निभाई है उनमें प्रतिमा सिंधिया, पूनम दुबे, साधना सिंह, शिखा सोनी, अनुरागिनी चौरसिया, पंचेश्वरी चौरसिया, रजनी गौतम, दुर्गेश अग्रवाल, शिल्पा पटेल, आरती कछवाहा, उमा यादव, मीना सिंह, संजुलता सिंगौर, निशा पटेल, श्रद्धा बर्मन शामिल हैं। स्वामी शारदात्मानंद की पूरे आयोजन में विशेष भूमिका रही।





## जिला में ढीमर मांझी समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई निषादराज जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले में निषादराज जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय में सामाजिक बंधुओ के द्वारा धूमधाम से पूरे जिले में अलग-अलग स्थानों पर पूजन पाठ कर वाहन रैली, कलश यात्रा व भंडारा प्रसादी वितरण कर समाजजनों के साथ जयंती मनाई गई। सामाजिक बंधुओं के द्वारा निषादराज जयंती को लेकर के लंबे समय से तैयारी कर युवाओं एवं महिलाओं में अलग ही जोश एवं उत्साह रहा। यह जयंती चैत्र शुक्ल की पंचमी की तिथि को मनाई जाती है। यूं कहें तो यह हमारे ग्रंथों में भी लेख है और पूर्व से प्रचलित कथाओं में भी अलग-अलग तरीके से वर्णन किया जाता है कि भगवान राम के सखा के रूप में निषादराज को जाना जाता है। ये वहीं निषादराज जी हैं जिन्होंने भगवान श्रीराम को गंगा पार कराई थी। भगवान श्रीराम के चरण कमल धोकर पुण्य अर्जन किया था। उसी परंपरा को निर्वहन करते हुए मण्डला में सामाजिक बंधुओं के द्वारा बड़ी संख्या में निषादराज भवन में उपस्थित होकर निषादराज जी के बारे में उनके जीवन परिचय और सामाजिक समसरता की बात को लेकर के समाज के वरिष्ठजनों के द्वारा अपनी-अपनी बात रखी। मांझी ढीमर समाज के जिलाध्यक्ष उमाशंकर गुड्डू सिंधिया,संयोजक श्रीलाल नंदा, सरंक्षक थामन बरमैया, एड.दुलीचंद नंदा, रमेश नंदा, शेखर सिंधिया, रामप्रकाश नंदा, पदमा नंदा इसी प्रकार ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन बड़ी संख्या में उपस्थित जनों के साथ मनाया गया। राजराजेश्वरी वार्ड मंडला में बैसाखू लाल नंदा जिला उपाध्यक्ष जी के नेतृत्व में रमपुरा, देवदरा, में विजय नाविक, बम्हनी बद्री नंदा जिला उपाध्यक्ष, ककैया रमेश नंदा , हिरदेनगर मनोज नंदा, अंजनियां रामकृपाल नंदा, घुघरी ध्रुव नंदा, मोहगांव देवगांव संगम सगनू नंदा जिला उपाध्यक्ष, नारायणगंज सुनील मांझी, निवास संतोष बरमैया, इसी प्रकार पूरे जिलें में अलग-अलग स्थानों पर निषादराज जयंती मनाई गयी।



# अपर कलेक्टर का कलेक्ट्रेट में औचक निरीक्षण

*** 55 में से 28 कर्मचारी अनुपस्थित मिले, कार्रवाई के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रशासनिक कार्यों में अनुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई शाखाओं में कर्मचारियों की अनुपस्थिति पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान राहत शाखा, वित्त शाखा, नजूल एवं भू-अभिलेख शाखा, कोषालय, खाद्य विभाग, खनिज विभाग तथा पंजीयक कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी का मिलान करते हुए कर्मचारियों की उपस्थिति की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि कुल 55 कर्मचारियों में से 28 कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे, जिसे उन्होंने गंभीर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बताया।

इस पर अपर कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया कि अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कारण बताओ नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति पुनः न हो, इसके लिए उपस्थिति पंजी का नियमित संधारण एवं सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।

## बम्हनीबंजर में धूमधाम से मनाया गया निषाद राज जन्मोत्सव



**बम्हनीबंजर।** निषाद राज का जन्मोत्सव बम्हनी बंजर में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नंदा समाज भवन से भव्य रैली निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्गों बस स्टैंड गांधी चौक से होते हुए नंदा पंचायत भवन पहुंची जहां समापन के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए, जिससे पूरे नगर में उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान नंदा पंचायत भवन में पहुंचे जनप्रतिधियों का फूल माला से सम्मानित किया गया। वहीं भगवान श्री राम के प्रिय सखा निषाद राज के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। रैली के बाद सभी लोग नंदा पंचायत भवन पहुंचे, जहां आगे के कार्यक्रम आयोजित किए गए। समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष बद्री नंदा ने बताया कि निषाद राज (मछुआरा) समुदाय के एक शक्तिशाली राजा थे, जो भगवान श्रीराम के परम मित्र और अनन्य भक्त माने जाते हैं। वनवास के दौरान उन्होंने ही राम, सीता और लक्ष्मण को गंगा नदी पार करवाई थी और उनकी सेवा की थी। कार्यक्रम में बिरजू नंदा, पटेल अर्जुन नंदा, संरक्षक संतोष कुमार नंदा, नंदा मत्स्य समिति के अध्यक्ष दिलीप नंदा सहित समस्त नंदा समाज की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**भ्रष्टाचार** | **ग्राम तिलई में चरम पर पहुंचा भ्रष्टाचार, स्थानीय लोगों ने की शिकायत।**

# आवास के लिए होती है पैसों की मांग

*** मनरेगा के तहत लगाई जा रही फर्जी हाजरी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नैनपुर




मंडला जिले के नैनपुर जनपद अंतर्गत ग्राम तिलई में भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है जहां मजदूरों से एक ही हाजिरी में अलग अलग जगह काम कराया जा रहा है।मजदूरों ने बताया कि लगभग 10 लाख रुपए का ग्राउंड का निर्माण कार्य किया जाना है लेकिन काम अधूरा होने पर ही काम बंद करने बोल दिया गया है।ग्राउंड की वर्तमान स्थिति को देखकर लग रहा है कि लगभग 1 लाख का कार्य किया गया है,और मजदूरों द्वारा बताया गया कि ग्राउंड के काम की हाजिरी में ही श्मशान घाट में तार फेंसिंग,स्वागत गेट का कार्य भी कराया जा रहा है।गांव की महिलाओं द्वारा बताया सरपंच द्वारा खुद के घर पर कार्य करने वाली महिला की मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से हाजिरी लगाई जाती है।उक्त महिला द्वारा सरपंच के घर का कार्य किया जाता है उसके बावजूद यहां हाजिरी लगाई जाती है और विरोध करने पर धमकाया जाता है। ग्राम पंचायत तिलई भ्रष्टाचार इतना चरम पर ले गए हैं कि गरीबों को मिलने वाला आवास की राशि के लिए पैसों की मांग की जाती है और पैसा नहीं देने पर लाभ नहीं दिया जाता है। एक विकलांग व्यक्ति ने बताया कि उसको 2018 से आवास स्वीकृत हुआ था लेकिन आवास की राशि डालने से पहले पांच हजार रुपए की मांग की गई और पैसा नहीं देने पर अभी तक आवास की राशि नहीं डाली गई जिससे विकलांग व्यक्ति यहां वहां रहने को मजबूर है। साथ ही महिलाओं द्वारा यह भी बताया गया कि पंचायत में कंप्यूटर की व्यवस्था होने के बाद भी समग्र आईडी और अन्य कार्यों के लिए मना कर दिया जाता है और बाहर दुकान में काम कराने भेजा जाता है जिससे गरीब ग्रामीणों का अनावश्यक पैसा खर्च हो रहा है। ग्राम पंचायत तिलई के सचिव, रोजगार सहायक द्वारा मनमाने ढंग से पंचायत चलाई जा रही है ना तो समय से खुलती है और ना ही काम किया जाता है।जिससे ग्रामीण अपने कार्यों के लिए परेशान होते रहते हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि उच्च अधिकारी भी इस भ्रष्टाचार में नजर नहीं डाल रहे हैं। मजदूरों द्वारा विरोध करने पर धमकाया और डराया जाता है कि हमारे द्वारा काम लाया जाता है अगर हम कुछ ना करें तो भूखे रह जाओगे। अब प्रश्न उच्च अधिकारियों पर उठता है कि इतना चरम भ्रष्टाचार होने के बाद भी क्या अधिकारियों की नज़र नहीं पड़ती है या फिर सांठगांठ करके इस भ्रष्टाचार को चलाया जा रहा है,आखिर कब तक जनता के टैक्स के पैसों का बंदरबांट करते रहेंगे क्या सही और निष्पक्ष जांच करके कठोर कार्यवाही करेंगे या वहीं पुराना तरीका की कार्यवाही के नाम पर गांव का दौरा करके चले जाएंगे।

## ब्रेन चाइल्ड एकेडमी का नया प्री-स्कूल लॉन्च, एक नए युग की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




ब्रेन चाइल्ड एकेडमी ने अपने नए प्री-स्कूल का उद्घाटन समारोह आयोजित किया, यह प्री स्कूल वाटर वर्क्स के सामने, नर्मदा कॉलोनी, पड़ाव वार्ड में प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री विक्रांत सारंगपानी, कमांडेंट, सीआरपीएफ उपस्थित थे। एनसीसी कैडेट्स ने मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया और उनका फूलों से स्वागत किया गया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई।

प्रिंसिपल डॉ. दिव्या शुक्ला ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि ब्रेन चाइल्ड एकेडमी का उद्देश्य बच्चों को एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण में शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने अपने शैक्षिक यात्रा के बारे में बताया और कहा कि उन्होंने कैसे मंडला में किड्जी स्कूल की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा की इस प्री-स्कूल स्कूल का मिशन बच्चों को आत्मविश्वास, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ विकसित करना है। शालिनी शुक्ला, हेड, ब्रेन चाइल्ड एकेडमी-प्री स्कूल ने स्कूल के बारे में जानकारी दी और बताया कि स्कूल में बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने अपने प्री-स्कूल विशेषज्ञ के रूप में अपने अनुभव के बारे में बताया और कहा कि वह बच्चों को शिक्षा देने के लिए हमेशा उत्साहित रहती हैं। समारोह में बच्चों ने गणेश और शिव वंदना प्रस्तुत की, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद फाइनल डांस परफॉर्मेंस हुआ, जिसका थीम 'कॉलर्स ऑफ लाइफ' था।

मुख्य अतिथि विक्रांत सारंगपानी ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल प्रबंधन और टीम द्वारा छात्रों की देखभाल बहुत ही भावुक इस तरह से की जाती है। उन्होंने स्कूल के साथ अपना अनुभव बहुत भावुक तरह से व्यक्त किया और कहा कि वह स्कूल के विकास के लिए हमेशा तैयार हैं। इसके बाद रिबन काटकर स्कूल का उद्घाटन किया गया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

इस कार्यक्रम के आयोजन में स्कूल समन्वयक राजुल सिंहानी, सोनिया जैन और राशि पमनानी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समारोह को सफल बनाया।

## खबर संक्षेप

### नगर की रोमिल को मुख्यमंत्री द्वारा पचास हजार की नगद राशि से किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** निश्चित जब किसी छात्र हो या फिर छात्रा उसे अवसर मिलता है तो वह नगर का नाम रोशन करने में पीछे नही रहते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर की रोमिल ठाकुर में देखने मिली है। बताया जाता है कि नगर के पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन विद्या भवन में अध्ययनरत कक्षा 12 की छात्रा द्वारा बीते हुये माह एक राष्ट्रीय शालेय कब्बड्डी प्रतियोगिता में म.प्र. टीम में शामिल होकर खेल का उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया गया था। छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव द्वारा छात्रा को उज्जबल भविष्य की कामना करते हुये प्रदेश के साथ साथ गाडरवारा शहर का नाम रोशन करने पर सम्मान स्वरूप पचास हजार रूपया का चेक सहित मेडल से सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्र के साथ खेल शिक्षक पीटीआई विक्रम शर्मा भी छात्रा के साथ सम्मान कार्यक्रम में मौजूद थें। इस प्रकार से नगर का नाम रोशन करने पर छात्रा को जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनीता यादव सहित सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, प्राचार्य लेखा कौरव, खेल शिक्षक विक्रम शर्मा सहित स्कूल स्टॉफ व साथी छात्राओं ने प्रसन्नता के साथ इस तरह सफलताये लगातार हासिल करने की कामना की गई है।

### एक राय होकर की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस माता वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब मैं घर पर थी मेरे घर के पास शंकर मंदिर है जिसमें मोहल्ले की महिलाओ के साथ चंदा करके डी जे मगवाया था। सभी डी जे में नाच रहे थे तभी मेरे देवर चंद्रशेखर जाटव की साली अपने घर के दरवाजे के पास खड़ी होकर हम लोगो को देख रही थी। इस दौरान प्रार्थिया के पति मनोज जाटव ने उससे बोला कि तुम यहाँ पास आकर डी जे देख लो तो वह आकर डी जे देखने लगी उसी समय उसकी सास आई और अपनी बहु मुनिया को जबरजस्ती पकड़कर घर ले जाने लगी तो मेरे पति ने उससे बहु को ले जाने के लिये मना किया। इस बात को लेकर उसने मेरे पति मनोज जाटव को गंदी गंदी गालिया देने लगा जब उसे प्रार्थिरू के पति मनोज, गोविंद जाटव और मौजूद अन्य महिलाओं द्वारा गाली देने से मना किया तो वहां पर मुन्ना जाटव, जय जाटव द्वारा एक राय होकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पत्नी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस सिहोरा निवासी एक महिला द्वारा अपने पति दीपक पिता बद्री प्रसाद जाटव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि आये दिन उसका पति मारपीट करते हुये प्रताडित करता है। बीते हुये दिवस भी बगैर किसी कारण के गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

### बाइक की टक्कर से मासूम घायल

**गाडरवारा।** बीते हुये दिवस नगर के महाकाल तिरहा के पास उस समय देखने मिली जब एक तेज गति से दौड़ रही बाइक की टक्कर में तीन साल के मासूम को चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर के निरंजन वार्ड निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा नाती नैतिक उर्फ माधव बोहरे महाकाल तिराहा पर आटो में ब्रजेश को आटो में बेठालने जा रहे थे उसी समय शक्कर नदी पुल तरफ से एक व्यक्ति अत्याधिक तेज गति व लापरवाहीपूर्वक खतरनाक तरीके से अपनी मोटर साईकल क्र.**MP**49**ZG**9638 को चलाकर लाया और मेरे नाती नैतिक उर्फ माधव बोहरे उम्र 03 साल को टक्कर मारते हुये चोट पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## सूखे दिनों की बात तो दूर बारिश में भी नहीं हो पाता है जल का संरक्षण

# चंद वर्ष पहले लाखों की राशि खर्च कर जनपद चीचली के गांवों में बनाये अमृत सरोवर तालाब में नहीं आता है दो बूंद पानी









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। सरकार द्वारा पंचायतों के विकास को लेकर जिस तरह से सरकारी धन खर्च किया जा रहा है उसके चलते यदि उस धन को अधिकारियों के द्वारा मात्र 75 प्रतिशत भी निष्ठा के साथ विकास कार्यो में लगाया जावे तो गांवों व क्षेत्र की सूरत बदलने में देर नही लगेगी। मगर जब जिम्मेदार अधिकारी ही पंचायतों में होने वाली गफलत बाजी में अनदेखी करने लगेगे तो फिर विकास कार्यो की कल्पना करना कहा तक संभव हो सकता है.. ? इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि पंचायतों के विकास कार्य वहां के सरपंच सचिवों के माध्यम से कराये जाते है। मगर उन पर नजर रखने के लिये जहां जनपद स्तर से इंजीनियर होते है।**

वही दूसरी ओर ब्लाक से लेकर जिला स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा उन विकास कार्यो का समय समय पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुये गुणवत्ता पर पैनी नजर रखने की जिम्मेदारी होती है। यदि इसके बाद भी किसी विकास कार्य में गुणवत्ता को दर किनार किया जाता है तो यह बात अपने आप ही उजागर होने से नही चूक पाती है कि इस गफलबाजी में जनपद से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों की मिली भगत का परिणाम प्रतीत होने से नही चूक पाता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली अनेक ग्राम पंचायतों में देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि लगभग तीन साल पहले महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के तहत अमृत सरोबर तालाब में देखने मिलने से नही चूक पा रही है। इस सच्चाई को देखते हुये यह सबाल उठने से नही चूक पा रहा है कि एक ओर सरकार द्वारा जल संरक्षण मुहिम चलाते हुये राशि खर्च की जा रही है। मगर कागजों पर चल रहे जल संरक्षण में क्या सफलता अर्जित करने की उम्मीद करना संभव हो सकता है..? ग्रामीण क्षेत्रों के जल स्तर पर सुधार लाने के साथ साथ गर्मी के दिनों में मूक पशुओं को पीने का पानी उपलब्ध कराने की सोच के चलते चिन्हित की गई पंचायतों के लिये अमृत सरोबर तालाब के लिये राशि स्वीकृत की गई थी। सरकार की सोच थी कि इन तालाबों के निर्माण से जहां गांवों में जमीन के नीचे के जल स्तर में सुधार देखने मिलेगा, वही दूसरी ओर मवेशियों के लिये पीने का पानी उपलब्ध हो जावेगा। मगर इन अमृत सरोबरों के निर्माण के नाम पर पंचायतों द्वारा सरकारी धन की होली किस तरह खेली गई इस सच्चाई को चीचली जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत में देखने मिल रही है। जहा पर पंचायत द्वारा बनाये गये इन अमृत सरोबर तालाब में इस समय एक बूंद पानी नजर आने की बात तो दूर सरकारी धन को खर्च करते हुये तालाब के अंदर पुराने पेड़ निर्माण के नाम पर पंचायत द्वारा की गई खुदाई की सच्चाई को अपने आप ही उजागर करते हुये देखे जा रहे है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगर योजना के तहत म.प्र. शासन द्वारा वर्ष 2022-2023 के तहत स्वीकृत किया गया था। वही दूसरी ओर कार्य की प्राक्कलित राशि 24 लाख 84 हजार थी। वही कार्य शुभारंभ की तिथि 11 मई 2022 थी तथा कार्य पूर्ण होने की तिथि का मौके पर मौजूद वोर्ड में उल्लेख ही नही किया गया है। वही इस अमृत सरोबर तालाब के निर्माण में श्रम व सामग्री घटक 12 लाख 95 हजार तथा सामग्री 12 लाख 3 हजार खर्च होना दर्ज किया गया है। वही तालाब निर्माण में कर्यान्वयन एजेन्सी ग्राम पंचायत सचिव तथा अन्य मद के रूप मे 15 वाँ वित्त की राशि 2 लाख 61 हजार रूपया खर्च होने का उल्लेख किया गया है। इस तरह पंचायतों द्वारा बनाये गये तालाबो की सच्चाई को अगर मौके पर देखी जावे तो जहां खुदाई के हाल इस तरह से दिखाई दे रहे है कि पूर्व में यहां पर बने हुये खेतों की मेडे जहां स्पष्ट रूप से नजर आने से नही चूक रहे है। वही दूसरी ओर यहां पर पहले से खड़े हुये पेडो के ठूंट निर्माण कार्य में हुई गफलत बाजी का आईना दिखाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? इतना ही नही ग्रामीणों के कहना है यहां पर पहले से जंगली नाला निकला हुआ था और आस पास में झुर्रईयाँ थी उन्ही के बीचों बीच मात्र सीमेन्ट की दीवार बनाते हुये इस तालाब का निर्माण किय गया है। वही तालाब निर्माण के दौरान पंचायत द्वारा बनाई गई दीवार भी अपना पहला जन्म दिन मनाने के पूर्व ही जिस तरह टूटते दिखाई देना शुरू हो गई थी। वह संपूर्ण कार्य की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रह है..? वही दूसरी ओर एक ओर से निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा तालाब के किनारे को पाटने के लिये कुछ पत्थर जरूर लगाये गये है। मगर यदि उन पत्थरों की सच्चाई देखी जावे तो यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि यह पत्थर निश्चित तौर से जंगल की भूमि से वन विभाग की मिलीभगत के चलते अवैध खनन किया गया होगा? क्योंकि किसी भी संस्था को वन विभाग की भूमि से इस तरह पत्थर उठान की अनुमति तो होती नही है फिर भी जंगल क्षेत्र मे पैदा होने वाले यह पत्थर इस तालाब के निर्माण में उपयोग होना वन विभाग के अधिकारियों की भूमिका को भी सबालों के घेरे में लेने से नही चूक रहे है...? इस तरह जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली जंगल क्षेत्र की ग्राम पंचायतो द्वारा लाखों की सरकारी राशि खर्च करते हुये बनाये गये अमृत सरोबर तालाब में जहां गर्मी का मौसम शुरू होने के पहले ही एक बूंद पानी नजर नही आ रहा है। वही दूसरी ओर तालाब निर्माण की गुणवत्ता को लेकर पंचायत स्तर से लेकर जनपद व जिला स्तर के अधिकारियों की भूमिका को सबालो के घेरे में लाने से नही चूक रही है..? सही मायने में देखा जावे तो मौके पर जहां तालाब का स्वरूप ही दिखाई नही दे रहा है। मगर इसके बाद भी सरकारी रिकार्ड में इस अमृत सरोबर में भरे हुये पानी में अधिकारी गोता लगाते हुये ठंडक का अहसास करते हुये देखे जा रहे है..? क्योंकि जब सरकारी धन राशि को खर्च करते हुये पंचायत द्वारा कोई निर्माण कार्य किया जाता है तो उसकी देखरेख जनपद से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा की जाती है। जब इन अधिकारियों द्वारा अपनी ओर से संतुष्टि प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है तभी उस कार्य को पूर्ण माना जाता है..? पंचायतों द्वारा बनाये गये अमृत सरोबरों की सच्चाई जनपद से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों को कटघरे में खड़ा करने से नही चूक रही है...?

# रेल्वे गेट के पास बढ़ते अतिक्रमण व आवारा गर्दी की हरकतों पर नहीं लग रहा है अंकुश

### खुलेआम मादक पदार्थो के विक्री व सेवन का दौर जारी रहने से राहगीरों के साथ रहवासी लोग हो रहे परेशान



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय शहर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर खुलेआम अतिक्रमण को जाल बिछते हुये देखे जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली निश्चित तौर से जहां अतिक्रमणकारियों के लिये संरक्षण की मुद्रा में प्रतीत होने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर जिस तरह नगर के रेलवे स्टेशन के समीप यानि की चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर लगे हुये रेल्वे गेट के पास अतिक्रमण करते हुये स्थापित हो रही दुकानों पर जहां सुबह से लेकर देर रात तक आवारा गर्दी करने वालों का जमावडा लगा रहता है तो दूसरी ओर शाम होते ही यहां पर शराब खोरी करने वालों की अशोभनिय हरकते देर रात चलने के कारण यहां पर निवास करने वाले लोगों के साथ साथ इस मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है? रात के समय तो हालत यह बन जाते है कि नगर के युवा दर्जनों की सुख्या में अपनी गाड़ियों से पहुंचकर एकत्र हो जाते है और खुलेआम मादक पदार्थो की बिक्री व सेवन का दौर शुरू होता है जो देर रात तक चलता रहा है। इस संबंध में स्थानीय पुलिस को अवगत कराये जाने के बाद कुछ दिनों तक तो पुलिस द्वारा नजर रखी गई । मगर सच्चाइ्र को फिर भुला दिये जाने के चलते अब आवारा गर्दी करने वालों के लिये यह स्थान प्रमुख अड्डा बनकर रहे गया है। यहां पर मादक पदार्थो की ब्रिकी की सच्चाई पर गौर किया जावे तो पुलिस थाने में दर्ज अनेक मामलों में मादक पदार्थ यानि की स्मैक के कारोबारियों को इसी क्षेत्र से पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी इस तरह पुलिस के रिकार्ड के अनुसार यह क्षेत्र आवारा गर्दी करने वालों के साथ मादक पदार्थो की मंडी के रूप में भी तब्दील होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है..? बताया जाता है कि यहां पर खाली पड़ी हुई सड़क किनारे की भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम अतिकमण करते हुये अपनी दुकाने स्थापित की गई है। इन दुकानों पर दिन भर आवारा गर्दी करने वाले तत्वों का हुजूम रहने के चलते आम लोगों के साथ साथ स्कूल आने जाने वाली छात्राओं को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि यहां पर लगी हुई दुकानों पर बैठे रहने वाले इन तत्वों द्वारा आसपास के गांवों से स्कूल आने वाली छात्राओं के साथ अशोभनीय हरकते करते हुये छीटाकशी करने से नही चूकते है और छात्राये दहशत व भय के चलते इन मनचलों की हरकतों से परेशान होकर अपमान का कढावा घूंट पीने के लिये मजबूर हो रही है। वही दूसरी ओर कुछ इसी प्रकार का हाल रात के समय भी देखने मिल रहा है। क्योंकि जब पूरे शहर की दुकाने बंद हो जाने के बाद भी यहां पर अतिक्रमण करते हुये स्थापित की गई दुकाने देर रात तक चलते हुये देखी जाती है जहां पर शराब की अवैध विक्री से लेकर अन्य प्रकार के मादक पदार्थो की आसानी से उपलब्धता के चलते युवाओं को इसी और दौड़ते हुये देखा जाता है। रात के समय यहां पर दुकानों से लेकर खुले मैदान में शाम से लेकर देर रात तक शराब खोरी होने के कारण लड़ाई झगड़ा होना तो आम बात हो चुकी है। मगर शराब खोरी करने वाले लोगों द्वारा रात के समय इस मार्ग से निकलने वाले लोगों के साथ अभद्रता करने से नही चूकते है तो दूसरी ओर इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोग भी इस तरह नगर के रेल्वे गेट के पास दिन रात होने वाली आवारा गर्दी से परेशान होते हुये देखे जा रहे है। जबकि गौर किया जावे तो पूर्प में अनेकों बार रेल्वे की इस भूमि पर दुकाने स्थापित करने वाले के खिलाफ आर पी एफ के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुये इन्हे हटा दिया गया था। मगर पता नही क्योंकि आर पी एफ सहित रेल पुलिस व नगर के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा यहां पर दिनों दिन बढ़ रहे अतिक्रमण को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि आम लोगों के लिये भुगतने मजबूर होना पड़ रहा है।

# प्रतिदिन हो रही देवी स्वरूपा बेटियों का पूजन मातृ पिता तुल्य वृद्धजनों का सम्मान



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** वैसे तो देखने मिल रहा है कि नवरात्र के दौरान जहां चारो ओर माँ जगत जननी की आराधना में लोग हीन होकर रह गये है और लगातार धार्मिक कार्यक्रम की धूम मची हुई देखने मिल रही है। मगर नवरात्र के दौरान कन्याओं का पूजन देवी की आराधना के समान माना जाता है। इसी के चलते लोगों द्वारा माँ दुर्गा की पूजन के साथ कन्याओं का पूजन करने से नही चूकते है। इसी क्रम में नगर के समीपस्थ कौड़िया स्थित माँ बीजासेन दरबार मे नगर के समाजसेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा स्थापित जवारे व श्री दादाजी धूनी वालो की दिव्य कुटी संपूर्ण क्षेत्रवासियों के लिये आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक रही है। यहां पर लोग जहां माँ जगत जननी के दर्शन करने के लिये पहुंच रहे है। वही दूसरी ओर यहां पर प्रतिदिन मां विजयासन व देवी देवताओं के पूजन उपरांत मन्दिर प्रांगण में आने वाली प्रत्येक बेटी के पैर धोकर पूजन कर उन्हें श्रृंगार के साथ बेटी शिक्षा प्रोत्साहन हेतु पाठन शिक्षण सामग्री भेंट कर आशीर्वाद लिया जा रहा है। वही माता पिता का दर्जा देते हुये यहां पर पहुंचने वाले वृद्ध जनो को तिलक लगाते हुये सम्मान के साथ उन्हें मच्छरदानी व वस्त्र भेंट स्वरूप प्रदान किये जा रहे है। इस संबंध में बसेडिया द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि नवरात्र के दौरान माँ जगत जननी के आराधना के साथ देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन उनके द्वारा बीते हुये 23 वर्षो से चैत्र व शारदेय नवरात्र के दौरान अनवरत चल रहा है। यह संपूर्ण सेवा मां दुर्गा के जीवंत स्वरूप बेटियो को समर्पित रहता है। क्षेत्रवासियों के लिये आकर्षण का केन्द्र बन चुके कौडिया रोड बीजासेन मैया के दरबार में कल 25 मार्च को क्षेत्र की मेधावी छात्राओं सम्मान किया जाएगा।

### 76 वरिष्ठ नागरिकों को 250 सहायक उपकरण वितरित



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** शासन द्वारा आमजन के हितों को ध्याम रखते हुये अनेक प्रकार की योजनाये चलाते हुये हितग्राहियों का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में एलिम्को की राष्ट्रीय वयोश्री एवं एडिप योजना के अंतर्गत बीते हुये दिवस जनपद पंचायत साईंखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में 76 वरिष्ठ नागरिक हितग्राहियों को कुल 250 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। वितरित किए गए उपकरणों में कमोड व्हील चेयर, व्हील चेयर, वॉकिंग स्टिक, नी सपोर्ट, कमर बेल्ट एवं वॉकर जैसे आवश्यक सहायक उपकरण शामिल थे। इन सहायक उपकरणों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को दैनिक जीवन में सुविधा प्राप्त होगी। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत साईंखेड़ा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, हितग्राही और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### आज से शुरू हो रहा है ग्राम इमालिया में श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन





**हरिभूमि न्यूज/ कल्याणपुर।** जब किसी गांव व क्षेत्र में धार्मिक आयोजन होता है तो वहां पर एक अनोखा उत्साह देखने मिलता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ ग्राम इमालिया में आज से शुरू हो रहे श्रीविष्णु महायज्ञ व रामचरित मानस सम्मेल को देखते हुये जान पड़ रहा है। इस समय सिर्फ इमालिया गांव ही नही बल्कि आसपास के गांवों में भी धर्म की गंगा बहते हुये दिखाई देने से नही चूक रही है। बताया जाता है कि आज 25 मार्च से चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम इमलिया ( कल्याणपुर ) में श्री रामाश्रित सत्संग सभा के तत्वावधान में 57 वां श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस तरह 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर भव्य एवं विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। वही दूसरी ओर आयोजन में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे एवं रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक महान संतों के माध्यम से प्रवचन देते हुये भगवान की लीलाओं से अवगत करायेगे। आयोजन में वक्ताओं के रूप में चित्रकूट से जगतगुरु कामदगिरी पीठाधीश्वर रामस्वरूपाचार्य महाराज,बुंदेली भाषा के लिये प्रसिद्व माने जाने वाले संत विपिन बिहारी महाराज सागर, राजीव लोचन दास महाराज सहित अन्य संतों के आगमन की संभावना है। आज से शुरू होने जा रहे इस महायज्ञ को लेकर यज्ञ शाला का निर्माण सहित अन्य आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गईं है। जिसके चलते आज से यहां पर धर्म की गंगा बहते हुये नजर आने से नही चूकेगी।

# मौसम अनुकूल न रहने से फसलों पर हर वर्ष पड़ रहा है दुष्प्रभाव

### बादल छाने के के चलते गर्मी के बीच अन्नदाता दिखाई दे रहा खेतों में

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** किसान की जिंदगी परिश्रम की पर्याय होती है। यदि खेती की अनुकूल परिस्थितियाँ हो तो अन्नदाता कृषक से ज्यादा भाग्यशाली किसी भी वर्ग का व्यक्ति नहीं माना जाता? क्योंकि खेत किसान की आत्मा में बसे होते हैं जिन पर फसल लहलहाने की आस वह सदा अपनी आंखों में संजोए रखता है। लेकिन यदि मौसम साथ न दे तो किसानों की उम्मीदें किस तरह टूट जाती हैं। इस बात की सच्चाई इस समय क्षेत्र के ग्रामीणांचलों में साफ तौर पर देखने मिल रही है। क्योंकि इस समय जहां किसानों के खेतों में गेंहू, चना, मसूर सहित अन्य फसले तैयार होकर खड़ी हुई है तथा कटती चली जा रही है। मगर वही दूसरी ओर आये दिन आसमान पर बादलों को डेरा जमने के कारण किसानों की रात की नींद गायब हो चुकी है..? वही दूसरी ओर अचानक होने वाली बूंदाबांदी निश्चित तौर से अन्नदाताओं की आंखों में आंसू लाने से नही चूकती है। क्योंकि विगत पांच वर्षो से जहां किसान प्राकृतिक आपदा से जूझते हुए अपनी फसले खराब होने के कारण परेशान चल रहा है। वही दूसरी ओर इस वर्ष किसानों को उम्मीद थी कि शायद उसकी फसले अच्छी पैदा होगी। मगर इस वर्ष भले ही फसलों के ऊपर तो विशेष तौर से कोई प्राकृतिक आपदा नही पड़ी मगर मानव जीवन पर आई प्राकृतिक आपदा ने निश्चित ही किसानों को परेशान करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। क्योंकि इस समय फसलों की कटाई का सीजन चल रहा है। मगर धूप की तेज तपन के दौरान अपनी फसल काटने के लिये परेशान होना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर प्रतिदिन बन बिगड रहे मौसम के कारण किसानों को अपने खेतों से फसल उठाने के लिये दिन रात एक करते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि जिस प्रकार से बीते हुये एक पखबाडे से आसमान पर छा रहे बादलों ने अन्नदाताओं की रात की नींद गायब कर दी है। वही दूसरी ओर बीते हुये दिनों क्षेत्र के कुछ गांवों में अचानक हुई बारिश के चलते किसान चिंता में दिखाई देने से नही चूक रहे है। इस तरह प्रतिदिन बन बिगड़ रहे मौसम के चलते इस समय किसान किसी भी प्रकार से खेतों से फसल की कटाई करते हुये थ्रेशिंग करने में जुटा हुआ दिखाई दे रहा है। अक्सर देखा जाता है कि जहां किसानों को लगातार प्रकृति की मार झेलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वही दूसरी ओर जब किसानों को अपने खेतों में बोनी करने का अवसर आता है तो उस समय भी खेतों में रात दिन एक करते हुये अन्न पैदा करने वाले किसानों को खाद सहित अन्य जरूरी सामग्री की कमी आने के कारण वह समय पर नही मिलने के चलते मजूबरी बस किसानों को महंगे दामों में कालाबाजरी के माध्यम से खरीदेते हुए अपनी फसले बोना पड़ती है। वही दूसरी ओर इस समय भी मजदूर नही मिलने के कारण किसानों को अपनी फसले मंहगे दामों में कटवाने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। इस स्थिति में चलते किसानों द्वारा फसल तैयार करने में लगाई गई अपनी लागत भी खड़ी कर पाना मुश्किल हो रहा है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि आये दिन मंचों से सरकार के मंत्रियों को अपने आप में किसान का बेटा या फिर किसानों की सरकार कहने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। मगर जब अन्नदाता परेशानी में होता है या फिर उसे किसी चीज की जरूरत होती है तो यह अपने आपकों किसान का बेटा कहने वाले कुर्ताधारियों की स्थिति इस तरह देखने मिलती है ..?

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob. : 903 9230 199, 722 4021 199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

# कोहानी देवरी में हंगामा, डॉक्टर से गाली गलौज तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी

शहपुरा

डिंडौरी जिले के शहपुरा क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ;च्भ्ब्द्ध कोहानी देवरी में तोड़फोड़ए गाली.गलौज और डॉक्टर को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना से अस्पताल के डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों में भय का माहौल बन गया है। मामले को लेकर अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉ विवेक कुमार साहू ने सीबीएमओ व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के साथ पहुंचकर एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा से शिकायत की है।दिए गए आवेदन के अनुसार 15 मार्च 2026 की शाम लगभग 7रू30 बजे चंद्रहास मरकाम और नीरज मरावी अपने कुछ साथियों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने अस्पताल में मौजूद डॉक्टर और स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली.गलौज की और अस्पताल परिसर में




तोड़फोड़ भी की। इतना ही नहींए डॉक्टर को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। इस घटना के संबंध में थाना शहपुरा में एफआईआर क्रमांक 0124 दर्ज कराई गई है। डॉक्टर का कहना है कि घटना के बाद भी आरोपियों द्वारा लगातार धमकियां दी जा रही हैं। साथ ही एससीध्एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देकर दबाव बनाया जा रहा हैए जिससे अस्पताल के कर्मचारियों में भय का माहौल बना हुआ है और चिकित्सा सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं।शिकायत में डॉक्टर ने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की हैए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और अस्पताल का स्टाफ बिना किसी भय के मरीजों को सेवाएं दे सके।वहीं इस पूरे मामले पर एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत डॉक्टर और समस्त स्वास्थ्यकर्मी प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक और उचित व्यवस्थाएं की जाएंगी तथा मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रमदान से संवरा कामता नाला



डिंडौरी। जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए मंगलवारए 24 मार्च 2026 को श्जल गंगा संवर्धन अभियान दृ जनशक्ति से नवभक्ति कार्यक्रमश के अंतर्गत नवांकुर संस्था नर्मदा समिति खरगहना एवं प्रस्फुटन समिति उफरी द्वारा संयुक्त रूप से एक सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक स्वरूप वृक्ष पूजन से की गई। इसके पश्चात उपस्थित जनसमूह ने कामता नाला में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया और नाले की साफ.सफाई कर जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान ग्रामीणों में उत्साह और सहभागिता देखने लायक रहीए जिसने सामूहिक प्रयास की शक्ति को उजागर किया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक श्रीमती अंजू दुबेए मेंटर श्री खिलावन सिंह गौतमए मेंटर श्री सूरज लाल नंदाए प्रस्फुटन समिति उफरी से श्री संतोष मार्को एवं श्री ओमकार सहित ग्राम के अनेक नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए इसे जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। इस पहल ने यह संदेश दिया कि जनशक्ति के समर्पित प्रयासों से जल स्रोतों का संरक्षण और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना संभव है।८

### शहपुरा आंगनबाड़ी केंद्र में प्रमाण पत्र वितरण एवं प्रवेश उत्सव समारोह हुआ संपन्न



शहपुरा.महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना शहपुरा अंतर्गत सेक्टर शहरी शहपुरा सहित समस्त ग्रामीण सेक्टरो विद्यारंभ कार्यक्रम अंतर्गत आंगनवाड़ी में पढ़ रहे बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए एवं प्रवेश उत्सव मनाया गया सेक्टर शहरी शहपुरा के आंगनबाड़ी केंद्र में ग्रेजुएशन सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया जिसमें मध्य प्रदेश शासन के द्वारा आंगनवाड़ी में अध्यनरत बच्चों को विद्यारंभ अर्थात आगामी कक्षा की पढ़ाई हेतु स्कूलों में प्रवेश के लिए आंगनबाड़ी से शाला पूर्व शिक्षा का प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया जिससे वे स्कूलों में आगामी कक्षाओं के प्रवेश प्राप्त कर सकें कार्यक्रम में सभी बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुष्प से स्वागत किया गया नगर परिषद शहपुरा के वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद सुरेंद्र साहू वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद देवेंद्र बनवासी वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद मीरा बनवासी ने सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए इस अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर प्रतिभा साहू वार्ड क्रमांक 9 की कार्यकर्ता अनिता साहू वार्ड क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 10 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सहित वार्ड के बच्चों की अभिभावक उपस्थित रहे।

### नन्हे बच्चों की ग्रेजुएशन सेरेमनी में झलका उत्साह



डिंडौरी ।आकांक्षी विकासखंड बजाग के ग्राम करौंदा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र इंदिरा आवास टोला सागर टोला सेक्टर में विद्यारंभ एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन और एसडीएम रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी में प्री स्कूल शिक्षा पूर्ण कर प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश लेने जा रहे बच्चों को प्रोत्साहित करना और उन्हें सम्मानित करना था। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र को आकर्षक रूप से सजाया गया और नन्हे बच्चों को प्रतीकात्मक रूप से ग्रेजुएशन सम्मान प्रदान किया गया जिससे उनमें उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ।महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी पुष्पलता मरावी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला। नीति आयोग के प्रतिनिधि डॉ विकास जैन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षा के स्तर को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम के दौरान सेक्टर पर्यवेक्षक भूपेश्वरी धुर्वे ने बच्चों के लिए संचालित खेल आधारित शिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी।




# सीएससी संचालकों की बैठक संपन्न उत्कृष्ट वीएलई को किया जाएगा सम्मानित

डिंडौरी।

**विकासखंड बजाग के तहसील भवन सभागार में मंगलवार को कॉमन सर्विस सेंटर ;ब्ैब्द्ध संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन ने की। बैठक में सीएससी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में दी जा रही शासकीय सेवाओं की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन और विस्तार पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने संचालकों ;वीएलईद्ध से कहा कि वे अपनी ग्राम पंचायतों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं।**

उन्होंने समग्र ई.केवाईसीए खसरा ई.केवाईसीए किसान पंजीयन ;फार्मर रजिस्ट्रीद्ध तथा श्रम कार्ड निर्माण एवं अद्यतन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो संचालक अपनी पंचायतों में शत.प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर उत्कृष्ट कार्य करेंगेए उन्हें प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

बैठक के दौरान भारत सरकार के न्याय विभाग की टेली.लॉ सेवा पर विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। संचालकों को बताया गया कि अब ग्रामीण सीएससी केंद्रों के माध्यम से सीधे वकीलों से कानूनी सलाह ले सकते हैं। अनुसूचित जातिए जनजाति वर्ग एवं महिलाओं के लिए यह सेवा निःशुल्क उपलब्ध है।संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने.अपने क्षेत्रों में टेली.लॉ सेवा का व्यापक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित करेंए ताकि ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही सरल और सुलभ कानूनी परामर्श मिल सके। बैठक में जिला प्रबंधक सीएससी दीपेंद्र सिंहए सहायक प्रबंधक ई.गवर्नेंस भरत अग्रवाल सहित विकासखंड के सभी सीएससी संचालक उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 69 आवेदन प्राप्त बैगा टोला की पेयजल समस्या पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिलेभर से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं का गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया गया। इस दौरान कुल 69 आवेदन प्राप्त हुएए जिन पर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समय.सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर जेपी यादवए एसडीएम भारती मेरावीए डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिकए प्रियांशी जैनए एलडीएम रविशंकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




जनसुनवाई में विकासखंड समनापुर के ग्राम चांदरानी माल स्थित बैगा टोला का पेयजल संकट प्रमुख मुद्दा बनकर सामने आया। ग्रामीणों ने बताया कि जल प्रदाय योजना प्रारंभिक परीक्षण के बाद करीब एक वर्ष तक सुचारू रूप से संचालित हुईए लेकिन मोटर पंप में तकनीकी खराबी आने के कारण लंबे समय से बंद पड़ी है। इस पर कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को तत्काल सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए।प्रकरण में यह भी सामने आया कि विभाग द्वारा मोटर पंप को सुधार हेतु भेजा गया थाए किंतु ग्राम पंचायत स्तर पर अपेक्षित पहल नहीं होने और जल कर की राशि जमा न होने के कारण मरम्मत कार्य लंबित रहा। जनसुनवाई के बाद प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए 24 मार्च 2026 को ही कार्य स्वीकृत कर दिया है तथा शीघ्र जल आपूर्ति बहाल करने के निर्देश जारी किए गए हैं।जनसुनवाई में आधारभूत सुविधाओं से जुड़े अन्य मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए। ग्राम चांदपुर से हाईस्कूल तक सड़क निर्माण की मांग करते हुए आवेदक ने बताया कि मार्ग कच्चा होने से विशेषकर बारिश के दौरान छात्रों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर संबंधित विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अलावा खसरा क्रमांक 124 की भूमि पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत भी प्राप्त हुईए जिसमें पक्का निर्माण किए जाने का आरोप लगाया गया है। कलेक्टर ने राजस्व विभाग को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में पेयजलए सड़कए नालीए बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी अनेक शिकायतें भी सामने आईं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी प्रकरणों का समय.सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम सम्पन्न



डिंडौरी ।

ग्राम चटुवा विकासखंड डिंडोरी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक 1 में किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत पीपल वृक्ष के पूजन के साथ हुई इसके बाद ग्राम के पुराने कुएं की सामूहिक सफाई की गई और जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड समन्वयक गणेश सिंह राजपूत ने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के बिना सतत विकास संभव नहीं है। उन्होंने वर्षा जल संचयन जल स्रोतों की नियमित सफाई तथा जल संकट से निपटने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान प्रकाश सिंह राजपूत ने अभियान की रूपरेखा और उसके सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से सक्रिय भागीदारी की अपील की।कार्यक्रम में रघुनाथ सिंह चंदेल अरुण कुमार चंदेल अजय ठाकुर मदन सिंह चंदेल टीकाराम कमल सिंह राठौर मुकेश बनवासी सुफल वनवासी शिवकुमार चंदेल एमएसडब्ल्यू छात्रा ज्योति चंदेल सहित नवांकुर संस्था जन जीवन कल्याण समिति बिछिया एवं ग्राम पंचायत चटुवा के अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में अरुण कुमार चंदेल द्वारा सभी अतिथियों ग्रामीणों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# अमरपुर में अवैध क्लीनिक सील झोला छाप डॉक्टर पर प्रशासन की कार्रवाई

डिंडौरी।

जिले के अमरपुर मुख्यालय में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को सील कर दिया। बताया गया कि प्रणव मंडल नामक व्यक्ति बिना वैध पंजीयन और आवश्यक अनुमति के क्लीनिक चला रहा था।सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं। क्लीनिक संचालक आवश्यक



दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका जिसके बाद अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से क्लीनिक को सील कर दिया और आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी।स्थानीय लोगों के अनुसार लंबे समय से बिना योग्य चिकित्सा डिग्री के मरीजों का उपचार किया जा रहा था जिससे लोगों की जान को खतरा बना हुआ था। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हलचल का माहौल रहा।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध क्लीनिक और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। लोगों से अपील की गई है कि वे केवल पंजीकृत और योग्य डॉक्टरों से ही इलाज कराएं ताकि किसी भी प्रकार के जोखिम से बचा जा सके।

## आग का तांडव चंद मिनटों में उजड़ा घर ग्रामीणों की तत्परता से टला बड़ा हादसा

डिंडौरी।जिले के विकासखंड शहपुरा के ग्राम ढोड़ा बैगा टोला बिलगड़ा बांध के पास अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग तोसल साहू के घर में भड़की और देखते ही देखते पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। घर में रखा सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तीन मोटर पंपों की मदद से लगातार पानी डालकर आग पर काबू पाया। कड़ी मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोक लिया गया जिससे आसपास के अन्य घरों को नुकसान होने से बचा लिया गया।आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस घटना में पीड़ित परिवार को भारी नुकसान हुआ है। घटना के बाद गांव में कुछ समय तक दहशत का माहौल बना रहा।ग्रामीणों की तत्परता और सामूहिक प्रयास से एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को राहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।



# विकासखंड बजाग में 'विद्यारंभ' का उल्लास: आंगनबाड़ी के नन्हे-मुन्नों की हुई शानदार ग्रेजुएशन सेरेमनी








गाड़ासरई

शिक्षा की ओर बढ़ाया गया पहला कदम हमेशा खास और यादगार होता है। इसी भाव को चरितार्थ करते हुए आकांक्षी विकासखंड बजाग़ के ग्राम करौंदा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र (इंदिरा आवास टोला, सागर टोला सेक्टर) में एक भव्य 'विद्यारंभ एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी' का आयोजन किया गया। यह अनूठा और प्रेरणादायक कार्यक्रम जिले की कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के कुशल निर्देशन और एसडीएम श्री रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस मनमोहक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन नन्हे-मुन्ने बच्चों को प्रोत्साहित और सम्मानित करना था, जो आंगनबाड़ी से अपनी प्रारंभिक (प्री-स्कूल) शिक्षा पूरी कर अब औपचारिक रूप से प्राथमिक विद्यालय की ओर अपना कदम बढ़ा रहे हैं। समारोह के लिए आंगनबाड़ी केंद्र को बहुत ही आकर्षक तरीके से सजाया गया था। जब इन छोटे बच्चों को उनके पहले 'ग्रेजुएशन' पर प्रतीकात्मक रूप से सम्मानित किया गया, तो उनके चेहरों की मासूम मुस्कान ने वहां मौजूद हर शख्स का मन मोह लिया।कार्यक्रम में उपस्थित महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती पुष्पलता मरावी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों के समग्र मानसिक और शारीरिक विकास में आंगनबाड़ी केंद्रों की अहम भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, नीति आयोग के प्रतिनिधि डॉ. विकास जैन ने इस अभिनव पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आकांक्षी विकासखंडों में बुनियादी शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए ऐसे उत्साहवर्धक आयोजन मील का पत्थर साबित होंगे।इस विशेष अवसर पर सेक्टर पर्यवेक्षक भूपेश्वरी धुर्वे ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए चलाई जा रही विभिन्न खेल-खेल में सीखने वाली गतिविधियों की जानकारी साझा की।इस भव्य सेरेमनी को सफल बनाने में जन प्रतिनिधियों और सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता और ग्रामीण भी उपस्थित रहे, जिनकी आंखें अपने बच्चों को सम्मानित होते देख खुशी से छलक उठीं। यह 'विद्यारंभ' समारोह ग्राम करौंदा के लिए एक बेहद खास दिन बन गया, जिसने इलाके में शिक्षा के प्रति एक नई अलख जगा दी है।

## खबर संक्षेप

### आज से श्री राम कथा



तेंदूखेड़ा7 श्री इच्छापूर्ति पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर उमरपानी में मठ संस्थापक महंत श्री कमल गिरि महाराज के पावन सानिध्य में आज 25 मार्च से 2 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 3 से 6बजे शाम तक श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस नव दिवसीय आयोजन के तहत श्री गणेश नर्मदा जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और शिव रूद्राभिषेक पूजन अर्चन यज्ञ हवन-पूजन भी साथ साथ चलेगा। 2 अप्रैल श्री हनुमान प्रकटोत्सव में भोजन भंडारा के साथ कथा का समापन होगा।

### क्षेत्र में बना देवीमय वातावरण बना



तेंदूखेड़ा। शक्ति की भक्ति साधना का महापर्व चैत्रीय नवरात्रि पर्व संपूर्ण क्षेत्र में धूम धाम से मनाया जा रहा है। संपूर्ण क्षेत्र में देवीमय धार्मिक वातावरण बना हुआ है।भोर की किरण फूटने के पूर्व ही श्रद्धालु महिलायें माता रानी के दरबारों में बड़ी संख्या में पहुंच कर जलाभिषेक पूजन अर्चन में संलग्न हो जाती है। वहीं दोपहर के समय महिलाओं द्वारा देवी मठों में देवी जस भगतों का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि के समय संगीतमय आरतियों में श्रद्धालु भक्तिभाव से झूम झूमकर आरती में संलग्न हो रहे हैं। जगह-जगह जवारे कलश की स्थापना की गई है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर दर्शन लाभ ले रहे हैं।पंचमी तिथि पर चंदेवा चढ़ाने के साथ पूजन अर्चन और दुर्गा पूजा पाठ किये जा रहे हैं।

### अवैध रेत परिवहन करने वाले आरोपियों को सजा

नरसिंहपुर। गत दिवस न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नरसिंहपुर राकेश सनोडिया के न्यायालय द्वारा अवैध रेत परिवहन के आरोपीगण हल्कू ठाकुर उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बबरिया थाना मुंगवानी जिला नरसिंहपुर, परषोत्तम कोल उम्र 29 वर्ष ग्राम अगरिया थाना कोतवाली नरसिंहपुर एवं राघवेन्द्र राजपूत उम्र 30 वर्ष ग्राम बबरिया थाना मुंगवानी जिला नरसिंहपुर तीनों को क्रमश पृथक पृथक से धारा 33(1)(ख) भारतीय वन अधिनियम में 3 माह का सश्रम कारावास व 5000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### मछुआ नीति 2008 को यथावत रखने की मांग, सौंपा ज्ञापन

नरसिंहपुर। गत दिवस मध्य प्रदेश माझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति की इकाई द्वारा जिला प्रशासन को माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में लागू की गई महुआ नीति 2008 में किसी भी प्रकार के बदलाव न करने का पुरजोर आग्रह किया गया है। समिति के सदस्यों ने अवगत कराया है कि वर्तमान मछुआ नीति से प्रदेश का वंशानुगत मछुआरा समाज अपने पैतृक व्यवसाय को सुरक्षित महसूस करता है। लेकिन फरवरी 2026 में मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग द्वारा इस नीति में बदलाव और जलाशयों की नीलामी प्रथा शुरू करने के संकेत मिले हैं। मछुआरा समाज का मानना है कि यदि नीलामी प्रक्रिया शुरू की जाती है, तो जल संसाधनों पर पूंजीपतियों और बाहुबलियों का कब्जा हो जाएगा, जिससे गरीब मछुआरे अपने ही संसाधनों में बंधुआ मजदूर बनकर रह जाएंगे। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में भी मछली माफिया सक्रिय हैं, जिनसे आम मछुआरा प्रताड़ित है। ऐसी स्थिति में नीतिगत बदलाव समाज के लिए एक ऐतिहासिक भूल साबित होगी। संघर्ष समिति ने मांग की है कि मछुआ कल्याण बोर्ड में पूर्ण नियुक्तियां होने से पहले नीति में कोई छेड़छाड़ न की जाए। ज्ञापन में गौरव रैकवार, देवी प्रसाद कहार, विवेक कश्यप सहित समाज के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### वासन्तेय नवरात्र का होगा समापन

तेंदूखेड़ा । परंपरागत वर्ष की चार नवरात्रियों में नए वर्ष के शुभारंभ के साथ प्रकट रूप से मनाए जाने वाली वासन्तेय नवरात्रि का शुक्रवार को दुर्गा नवमी के साथ समापन होगा। देवी मंदिरों सिद्ध पीठ शक्ति पीठों के साथ घरों में भी 9 दिनों तक देवी आराधना के रूप में होने वाले व्रत उपवास अनुष्ठानों का समापन होगा।चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी शुक्रवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के प्राकट्य उत्सव का महापर्व रामनवमी के रूप में मनाया जाएगा। यह पर्व भारत में भगवान राम के आदर्शों को अपनी जीवनचर्या में उतारने के लिए पारिवारिक एकता भ्रातृ प्रेम सामाजिक समरसता कर्तव्य निष्ठा राष्ट्र प्रेम समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के प्रति सजगता के उद्देश्य से मनाया जाता है।

## विभिन्न गतिविधियां हुई आयोजित

# जल गंगा संवर्धन अभियान में बढ़ रहा जनसहयोग

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस सरकार द्वारा चला जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जलशक्ति से नवभक्ति कार्यक्रमों की श्रृंखला में विविध गतिविधियां आयोजित हुई जिसमें करेली, जरजोला एवं झिरीखुर्द सहित अन्य स्थानों में जनभागीदारी के साथ विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इन गतिविधियों की माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन को जनआंदोलन बनाने, धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने और आमजन को जल के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रभावी प्रयास किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत करेली में शिव मंदिर के पास धर्मशाला करेली बस्ती में जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना की गई। इसका उद्देश्य राहगीरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना और जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में जागरूक करना है।





### जरजोला में आयोजित हुई विविध गतिविधियां

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की विकासखंड नरसिंहपुर के ग्राम जरजोला में जल मंदिर-प्याऊ, पौधरोपण, जल पात्र और भक्ति गायन के साथ जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया गया। तथा जल के संरक्षण व उसके संवर्धन की शपथ दिलाई। अभियान के दौरान जल के महत्व को रेखांकित करते हुए भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। नागरिकों ने सहभागिता करते हुए जल को जीवन का आधार मानकर उसके संरक्षण का संकल्प लिया। इसके साथ ही ग्राम में जल मंदिर-प्याऊ की स्थापना की गई। पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के संदेश को सुदृढ़ करने के लिए वृक्षों का पूजन कर पौधरोपण किए गए। इस दौरान पक्षियों को सुगमता के साथ पेयजल उपलब्ध हो सके, इस उद्देश्य से वृक्षों में सकोरे भी लगाए गए। इस अवसर पर सुदर्शन जन कल्याण समिति, मां भगवती जय ज्वाला शिक्षा प्रचार-प्रसार समिति नरसिंहपुर के प्रतिनिधियों, सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाता, छात्र, महिलाएं व स्थानीय ग्रामवासी मौजूद थे।

### वृक्षों का पूजन कर लगाया प्याऊ

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सीएम राइज परिसर विद्यालय करेली में वृक्ष पूजन कर नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही राहगीरों को गर्मी में राहत प्रदान करने और उन्हें शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल मंदिर- प्याऊ की स्थापना की गई। इस दौरान पूजन एवं कलश यात्रा निकाली गई। इसी प्रकार वार्ड विकास प्रस्फुटन समिति महेंद्र वार्ड करेली द्वारा जल मंदिर- प्याऊ के संचालन की शुरुआत की गई। इसी तरह दौरान जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर विकासखंड समन्वयक श्रीमती माधवी पाठक, वार्ड विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के विद्यार्थी मौजूद थे।

### जल संरक्षण की दिलाई शपथ

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम झिरीखुर्द में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा वृक्ष पूजन, पौधारोपण एवं जल संरक्षण-संवर्धन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य, पदाधिकारी, नवांकुर सखियां एवं नवांकुर संस्था जय ज्वाला शिक्षा प्रचार प्रसार समिति के प्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता दी। साथ ही प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को जल के महत्व को समझाते हुए वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आव्हान किया।

# किसान कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

मंगलवार को जिला किसान कांग्रेस के द्वारा किसानी की लगातार बढती समस्याओं और अन्य मांगो के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिला किसान कांग्रेस ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि सोसायटी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च है जबकि गेहूं एमएसपी खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी। सरकार से मांग है कि ऋण जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए। ताकि किसान अपनी बिक्री के बाद बिना ब्याज के ऋण जमा कर सके। अमेरिका के साथ ट्रेड डील सोयाबीन आयल के टैक्स-फ्री आयात को तत्काल रोका जाए, क्योंकि इससे देशी सोयाबीन उत्पादको को भारी नुक्सान हो रहा है और किसानों की आय प्रभावित हो रही है। इसके अलावा की गेहूं खरीदी को 4000 रुपये प्रति क्विटल की दर से किया जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। किसानो के बकाया बिजली बिलों की वसूली पर अस्थायी रोक लगाए बकाया राशि को माफ या आसान किस्तों में देने की व्यवस्था करें। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 5 रुपए में पर्व क्षेत्र बिलली कम्पनी को स्थाई कनेक्शन किसानों को देने के निर्देश दिये हैं। लेकिन अभी तक नरसिंहपुर जिले में शुरुआत नहीं हुई है हमारी मांग है कि 5 रूपये में किसानों को स्थाई कनेक्शन देने कि शुरूआत की जाये। ज्ञापन सौंपते समय जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पटैल, ब्लाक किसान कांग्रेस चावरपाठा अध्यक्ष विपिन राजपूत, ब्लाक करपगॉव के अध्यक्ष अभिलेष पालीवाल, ब्लाक सांईखेडा के अध्यक्ष कृष्णकांत गुर्जर, जनपद पंचायत चॉवरपाठा के अध्यक्ष सोबरन ठाकुर, बरिष्ट साथी ठाकुर निरंजन सिंह, उमाकांत कौरव सरपंच इमलिया, सीताराम गुर्जर,विनोद शुक्ला और किसान कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# इको क्लब द्वारा निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्कृष्ट इको क्लब द्वारा निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के प्राचार्य जी. एस. पटेल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई, जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के कुल 60 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें से 28 विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग एवं 32 विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता की थीम धूम्रपान से मानव में दुष्प्रभाव रखी गई। जिसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं संदेशपूर्ण पोस्टरों के माध्यम से धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों को दर्शाया। उन्होंने बताया कि धूम्रपान से हृदय एवं फेफड़ों से संबंधित गंभीर बीमारियां, कैंसर जैसी घातक समस्याएं उत्पन्न होती हैं तथा इसका दुष्प्रभाव गर्भवती महिलाओं एवं उनके गर्भस्थ शिशु पर भी पड़ता है। वहीं निबंध प्रतियोगिता का विषय ईरान, इजरायल और अमेरिका के मध्य चल रहे संघर्ष का मानव जीवन एवं पर्यावरण पर प्रभाव रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने युद्ध के कारण उत्पन्न मानवीय संकट, जन-धन की हानि, विस्थापन, मानसिक तनाव एवं पर्यावरणीय असंतुलन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के परिणामों में पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान सौम्या विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान प्राची कश्यप एवं तृतीय स्थान मुस्कान राय ने प्राप्त किया, जबकि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मीनाक्षी देहरिया, द्वितीय स्थान जयकुमार दुबे एवं तृतीय स्थान इशिका मेहरा को प्राप्त हुआ। इस आयोजन का सफल संचालन सुनीता सोनी द्वारा किया गया तथा प्रतियोगिता का निष्पक्ष मूल्यांकन श्रीमती रुचि चैबे, श्रीमती हेमलता ठाकुर एवं सुश्री दीपशिखा गुप्ता द्वारा किया गया। सभी विजेता विद्यार्थियों को आगामी 1 अप्रैल 2026 को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में मंच से पुरस्कार प्रदान कर बड़े स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इस प्रकार का आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ।




# जनसुनवाई में आए 120 आवेदन




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें जिलेभर से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं बताई। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 120 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। जिन आवेदनों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# कलेक्टर ने किए पीपीओ वितरित

हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।




कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने माह फरवरी 2026 को विभिन्न कार्यालयों से सेवानिवृत्त हुए 7 शासकीय सेवकों को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को पीपीओ वितरित किये। उन्होंने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को शाल- श्रीफल भेंट कर स्वस्थ एवं सुखद भावी जीवन के लिए शुभकामनायें दी। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह द्वारा जिन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ वितरित किये, उनमें श्रीमती शिवकुमारी, कमल सिंह मेहरा, राजीव लोचन तिवारी, विजय कुमार माहौर, शिव कुमार मेहरा, शंकरलाल ठाकुर व श्यामलाल मुड़यिा शामिल हैं।

# केनरा बैंक के सहयोग से इमझिरा स्कूल को मिली सौगात




तेंदूखेड़ा

विगत दिवस शासकीय विद्यालय इमझिरा में केनरा बैंक शाखा तेंदूखेड़ा के सी एसआर की निधि से दो लाख की राशि स्वीकृत की गई थी।जिसमें बालिकाओं के लिए शौचालय निर्माण एवं वॉटर प्यूरीफायर का कार्य किया गया है। मंगलवार को केनरा बैंक शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार मुकुल एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सीमा मिश्रा के द्वारा शुभारंभ किया गया।इस, तरह मौके पर विद्यालय परिवार के शिक्षक और बैंक का स्टाफ उपस्थित था। इस सहयोग से स्वच्छता एवं स्वच्छ शीतल पेयजल की सुविधा बच्चों को मिलेगी वहीं बालिकाओं को शौचालय के लिए अन्य स्थान पर नहीं जाना पड़ेगा। बैंक प्रबंधक श्री मुकुल ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि बैंक सी एस आर की राशि से शिक्षा एवं स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर सहयोग करता रहता है स्कूल में बच्चों को समस्या को देखते हुए यह सहयोग प्रदान किया गया है । आगे जो कुछ और संभव हो सकेगा वह बैंक के द्वारा बच्चों की सुगमता के लिए व्यवस्था कराई जाएगी। विद्यालय प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ द्वारा बैंक की इस अनूठी अविनव पहल का स्वागत का करते हुए उनको स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए आभार व्यक्त किया।

# जीवन शैली कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखा क्लॉथ बैग बनाना

तेंदूखेडा

विगत दिवस शासकीय विद्यालय इमझिरा में नर्मदा इको क्लब के अंतर्गत सतत जीवन शैली कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ किया गया। कार्यशाला में इको क्लब के सदस्य छात्र छात्राओं को क्लॉथ बैग मेकिंग के अंतर्गत कपड़े से थैली बनाना सिखाया गया। विद्यार्थियों को कपड़े का उपयोग कर सुंदर कपड़े की थैलियाँ तैयार कीं और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र को प्रथम पुरस्कार हर्षित कुशवाह कक्षा 9वीं द्वितीय पुरस्कार अदिति पटेल कक्षा 9वीं तथा तृतीय पुरस्कार मयंक कुशवाह कक्षा 9वीं को प्रदान किया गया। विजेताओं को संस्था प्राचार्य एवं इको क्लब प्रभारी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को प्लास्टिक छोड़ो और पर्यावरण को होने वाली हानियों को बताया कपड़े का थैला अपनाओ प्लास्टिक हटाओ पर्यावरण बचाओ जैसे संदेश दिए गए। साथ ही धरती हमारी माता है। इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। का संकल्प भी दिलाया गया।कार्यक्रम का संचालन इको क्लब प्रभारी राकेश पटेल द्वारा किया गया।इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य सीमा मिश्रा हरीराम प्रजापति जयप्रकाश कोष्ठी ऊषा अग्रवाल धनराज पटेल पुष्पेंद्र शर्मा आदित्य खुशी अरविंद शुक्ला रूपनारायण सोनी मयंक मिश्रा दीपक दुबे आशुतोष गौरव सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

